एक नजर में

फल बहार की नीलामी 23 सितम्बर को

धार। उद्यान विकास अधिकारी शासकीय पौधशाला रायपुरिया विकासखण्ड तिरला से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरुद एवं आंवला फल बहार की नीलामी 23 सितम्बर को दोपहर 1 बजे रखी गई है। इच्छुक क्रेतागण अधिक जानकारी के लिये कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय पौधशाला रायपुरिया विकासखण्ड तिरला से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह आज धार प्रवास पर रहेंगे

धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क का भूमि पूजन करने 17 सितम्बर को धार जिले के भैंसोला गाँव आगमन कार्यक्रम को लेकर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंत्री चैतन्य कश्यप महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय धार प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और चंचल पाटीदार समेत सांसद विधायक अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

पीला मोजेक वायरस से नष्ट फसलों का बीमा सर्वे

सरदारपुर। तहसील मे पीला मौजेक वायरस एवं अत्यधिक वर्षा से नष्ट सोयाबीन एवं अन्य फसलो का सर्वे करने हेतु दिनांक 10.09.2025 को विधायक प्रताप ग्रेवाल के नैतृत्व मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरदारपुर, दसई, अमझेरा द्वारा ज्ञापन सौंपकर कृषि अधिकारी, हार्टिकल्चर विभाग के कर्मचारी, हल्का पटवारी, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव का संयुक्त दल बनाकर 3 दिवस मे सर्वे के आदेश जारी करने की मांग की गई थी ! कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन द्वारा रविवार को सरदारपुर राजस्व क्षेत्र सहित संपूर्ण धार जिले में पीला मोजेक वायरस, अतिवृष्टि, कीट प्रकोप से नष्ट सोयाबीन एवं अन्य फसलों के सर्वे करने के आदेश जारी किए गए है सर्वे दल में हल्का पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कृषकों की उपस्थिति में नष्ट फसलों का सर्वे कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है ! 10 सितंबर को सौंपे गए ज्ञापन में विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा सेटेलाइट सर्वे बंद कर वास्तविक सर्वे किसानों के खेत पर जाकर करने की मांग को प्रमुखता से प्रशासन से रखा था जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है वहीं विधायक प्रताप ग्रेवाल एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरदारपुर, दसई, अमझेरा ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया

किसान मिलन समारोह संपन्न

सरदारपुर । किसान मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य

किफायती व हर रेंज की के टेगरी के टेक्टर की कार्य करने की क्षमता के बारे मे बताया मंगलम टेक्टर्स राजग? धार के योगेंद्र तिवारी ने बताया की 22 सितंबर से त्रस्ज्ञ की दरो मे जो बदलाव होगा उससे टेक्टर की हर रेंज पर एक निश्चित इनाम स्वरूप उपहार भी मिलेगा हर टेक्टर्स की खरीद पर 50-70 हजार तक की बचत होंगी जो हमने आज से ही लागु कर दी है सभी किसान बंधु इस ऑफर का लाभ उठाये।।

भाजपा मंडल सरदारपुर की बैठक
प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जाएगा

सरदारपुर - भाजपा मण्डल सरदारपुर की कार्यशाला का आयोजन रविवार को समीपस्थ ग्राम नरसिंह देवला के मन्दिर मे किया गया।जिसमे प्रधानमंत्री की धार जिले मे प्रस्तावित यात्रा और उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाए जाने पर विस्तार से चर्चा के साथ योजना बनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को धार जिले के बदनावर के भैसोला मे आयोजित कार्यक्रम मे आ रहे है।इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी है।इसको लेकर सरदारपुर के नरसिंह देवला मे भाजपा मण्डल की आयोजित कार्यशाला मे विस्तार से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती तक सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जाने पर विस्तार से रणनीति बनाई गई। भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओकारलाल जाट ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जाकर केन्द्र व राज्य सरकार की आम जनता के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता पहुंचाएंगे।वही भाजपा संगठन को सरदारपुर विधानसभा मे मजबूत करने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2028 के विधानसभा चुनाव मे सरदारपुर विधानसभा को जीतने के लिए बूथो को मजबूत किए जाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा मण्डल प्रभारी राखी राय, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष सोहन साहू, पुर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र गर्ग, जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित, सुनील गामड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जमुना भूरिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रोमा धर्मेन्द्र मण्डलोई सहित सेंकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नव भारत
झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए
संपर्क करें :
संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718

अवैध रूप से जलाऊ पंचमेल लकड़ी का संगृहण करने पर प्रकरण दर्ज किया

धार, । वनमंडलाअधिकारी विजयनंथम टी.आर. के मार्गदर्शन में शनिवार को मुखबीर की सुचना के आधार पर ग्राम खलघाट गाजीपुरा में आरोपी अंतिम पिता ताराचंद मधुकर द्वारा उनके निजी बाडे में अवैध रूप से जलाउ पंचमेल लकडी का संगृहण की सूचना मिली। सूचना के आधार पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी धामनोद भुवानसिह मंडलोई के नेतृत्व में व परिक्षेत्र सहायक कमलसिह बघेल प.स. तितिपुरा, देवराम शिन्दे प.स. भारूडपुरा, जगदीश मालीवय प.स. उमरबन, विक्रमसिंह चौहान प.स. ढाल व

समस्त वनस्टाफ की टीम गठित कर जप्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें मौके पर जलाउ पंचमेल लकडी 40 क्विंटल जिसका मुल्य 23 हजार 360 रूपये एवं मीनीआरामशीन मोटर सहित व आराकटर 20 इंच 2 एच.पी. मोटर सहित भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41,42,52,55 एवं म.प्र. काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा 2,6,8,9,13 के तहत् वन अपराध दर्ज कर वाहन से डिपो धामनोद लाकर प्रकरण आगामी कार्यवाही हेतु विवेचना में लिया गया।

आउटसोर्स संयुक्त मोर्चा अंशकालीन कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित

सरदारपुर । संगठन की यह बैठक संयुक्त मोर्चा अंशकालीन मध्य प्रदेश, जिला शाखा धार के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में रखी गई, जिसमें आउटसोर्स एवं अंशकालीन कर्मचारी, समूह भोजन बनाने वाले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, कोटवार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी स्थाई कर्मचारी तथा अन्य सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में अक्टूबर माह में भोपाल में होने वाले महासम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, सेक्टर एवं तहसील स्तर की समस्याओं पर भी जिला अध्यक्ष ने कर्मचारियों से संवाद किया।

इस अवसर पर पदाधिकारी

सज्जन लाल मेहरा, मीना चौहान, गोवर्धन हटीला, कालू मावी, घनश्याम चौहान, मनोहर लाल नागोरिया, अखिलेश भूरिया आदि ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि—अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचें।

-जिला स्तर पर भी धरना एवं प्रदर्शन किए जाएंगे।

-प्रदेश अध्यक्ष श्री वासुदेव शर्मा जी के विचार-विमर्श एवं भाषण का अवलोकन भी इस अवसर पर करवाया गया।

जिला अध्यक्ष ने यह भी समझाइश दी कि मुख्यमंत्री के नाम तैयार किया गया पत्र सभी कर्मचारी स्वयं भरकर अपने-अपने पोस्ट ऑफिस से मुख्यमंत्री कार्यालय, भोपाल भेजें।

जिला प्रचार मंत्री सज्जन लाल मेहरा ने जानकारी दी कि कर्मचारियों को मात्र ?5000 वेतन मिलता है, जो जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक संख्या में भोपाल में उपस्थिति दर्ज कराएँ और जिला स्तर एवं पर भी एक दिवसीय धरना आंदोलन में भाग लें।

आंखों की सार्थकता ईश्वर दर्शन से और ह्दय की सार्थकता ईश्वर की भक्ति से है : पं.राजेंद्र द्विवेदी

कुक्षी। संत वह जिसके जीवन मे ज्ञान,वैराग्य, त्याग,तपस्या और भक्ति होती है.जिनके ह्दय मे ईश्वर की भक्ति नही है वह व्यक्ति जीवित होकर भी मुर्दे के समान है।

यह बात दाताहरी वाटिका चल रही श्री रामकथा के तृतीय दिवस प्रख्यात कथाचार्य पंडित राजेंद्र द्विवेदी नें उपस्थित श्रद्धालुओं से कहीं.उन्होंने कहा की आंखों की सार्थकता ईश्वर दर्शन से है और ह्दय की सार्थकता ईश्वर की भक्ति से है ईश्वर को प्राप्त करने के कई रास्ते है यदि सेवा मे मन लगता हो सेवा के क्षेत्र से जु? जाओ यदि पाठ मे मन लगता है तों गीता,रामायण,महाभारत ग्रंथ प?कर अपना उद्वार कर लो पूजा के माध्यम से पाठ के माध्यम से जाप के माध्यम से कोई एक माध्यम आवश्यक है ईश्वर की प्राप्ति के लिए मीरा नें ईश्वर को नाच कर प्राप्त किया कबीर नें ईश्वर को जान कर पा लिया. सत्संग सेवा हमें जो रास्ता अच्छा लगे उस पथ पर चलकर मनुष्य को अपना कल्याण कर लेना चाहिए.

आजकल लोगों नें घरों मे पूजा स्थल को मेडिकल स्टोर की तरह बना रखा है जिस तरह मेडिकल पर हर बीमारी की अलग दवाई होती है वैसे ही लड्डू खाना हो तो गणेश जी की पूजा कर ली हलवा खाने की इच्छा हुई दुर्गाजी की पूजा करली इसका कारण यह है की हमने अभी सत्संग किया नहीं अच्छे संतो का सानिध्य प्राप्त होता तों समझ मे आ जाता जब पृथ्वी,जल वायु,आकाश एक है तों ईश्वर कैसे अनेक हो सकते है.तृतीय दिवस की आरती पूजा के लाभ वरिष्ठ समाजसेवी समरथमल गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता,राजेंद्र गुप्ता,कृष्णकांत गुप्ता,डॉ.राकेश गुप्ता ,मुकेश गुप्ता के परिवार को प्राप्त हुआ.कथा श्रवण के लिए दाताहरी बीसी ग्रुप,वैष्णव क्लब,यूनिक ग्रुप की महिलाएं और समाजजन आदि मौजूद थे।

भगवान के चरणों मे झुका भक्त कभी दु:ख नहीं पाता

नागदा (धार)।* गोविन्द के श्रीचरणों में मन को झुकाए, भगवान के चरणों मे झुका भक्त कभी दु:ख नहीं पाता। सुखद जीवन के लिए श्रीमद भागवत कथा का पुण्य भक्त के जीवन में आवश्यक है। यह अंत समय को भी सहज बनाता है। भक्ति के लिए मात्र मन नहीं बनाए बल्कि मन को भक्ति प्राप्ति में लगाए। मनुष्य जीवन की बुराई हम सबके लिए विनाशकारी है, बुराईयों से बचे। उक्त अनमोल वचन शांतिनाथ अतिथि भवन, बस स्टेड, नागदा में रविवार को शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा पांडाल में भागवत प्रवक्ता पं. अनिल शास्त्री, जलोद ने व्यासपीठ से भक्तों के बीच कहे। कथा प्रसंग में पं. शास्त्री ने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा सुख कथा श्रवण है। मनुष्य अपने जीवन में पद, प्रतिष्ठा व कितनी भी धन-दौलत अर्जित कर ले लेकिन अंत समय सब साथ छौ? देते हैं लेकिन जो भक्त अच्छाई, भक्ति-आराधना व सत्संग जैसे धन को अर्जित करता है। वह जीवन धन्य बना लेता है। कथा प्रारंभ से पूर्व श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएँ व बालिकाएँ सर पर कलश धारण किये भागवत प्रवक्ता पं. अनिल शास्त्री व यजमान विकास पाण्डे सपत्नि सिर पर भागवत पौथी लिये चल रहे थे। कथा प्रवक्ता पं. शास्त्री ने कहा कि जीवन की मधुरता सत्संग व पूण्य से है। जहां भी सत्संग रूपी मिठास हो उसका अर्जन करें। मती, महामती, सुमति व मंदमती में से जीवन को मंदमती से दूर रखें, यह जीवन को नष्ट कर देती है। पं. शास्त्री का सचिन, प्रतीक, विकास, अमन, मोन्टी, यथार्थ पाण्डे द्वारा सम्मान किया। कथा में सैकड़ों भक्तों ने पहुँचकर कथा श्रवण का लाभ लिया।

अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर सोयाबीन फसल में कीट व्याधि एवं रोग से बचाव समायिक सलाह दी

धार,कृषि विज्ञान केन्द्र धार के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप सिंह चौहान, उप संचालक कृषि संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा विकासखण्ड नालछा के ग्राम तलवाडा, बगडी, मगजपुरा, लुन्हेरा, जिरापुरा ग्रामों का भ्रमण किया गया एवं सोयाबीन फसल का अवलोकन किया गया। जिसमें विशेषकर सोयाबीन की प्रजाति जेएस-9560 लगभग पककर तैयार हो चुकी है, किसानों को कटाई करने की सलाह दी गई है। सोयाबीन की अन्य प्रजाति जो लंबी अवधि की है एवं वर्तमान में हरी फली अवस्था में है। उन खेतों में कही-कही एन्थ्रेकनोज नामक रोग एवं सुक्ष्म तत्व सल्फर की कमी से प्रारंभिक लक्षण देखे गये है। मौके पर किसानों को

एन्थेकनोज रोग नियंत्रण के लिए- टेबुकोनाजोल 25 .9 प्रतिशत श्वष्ट का 625 मिली. प्रति हैक्टेयर या टेबुकोनाजोल 10 + सल्फर 65 प्रतिशत ड्ढ्ढ का (1.25 कि. ग्राम प्रति हैक्टेयर) से फसल का छिडकाव करने की सलाह दी गई।

पीला मोजेक रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखने पर प्रारंभिक अवस्था में रोगों को फैलाने वाले वाहक, सफेद मक्खी/एफिड की रोकथाम हेतु थायोमिथोक्सम + लैम्ब्डासायहेलोथ्रिन (125 मिली/हे.) या एसिटेमीप्रीड 25 प्रतिशत + बायफेंथ्रिन 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी (250 ग्रा./ हैक्टेयर) का छिडकाव कर सफेद मक्खी को नियंत्रित कर वायरस को आगे फेलाने से रोका जा करता है। किसाना भाईयों से अपील की जाती है कि वर्तमान में मौसम खूला होने की स्थिति में परिपक्व सोयाबीन फसल की हार्वेस्टर से कटाई करने की सलाह दी जाती है।

एक नजर

15 सितंबर से 22 सितंबर तक समाज के विभिन्न मंडलों द्वारा रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

धार में आज से शुरू होगा 9 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव

धार। श्रीश्री 1008 महाराजा अग्रसेनजी की 5150वी जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज धार द्वारा 9 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत आज 15 सितम्बर से 22 सितम्बर तक समाज के विभिन्न मंडलो द्वारा रंगारंग एवं संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शनिवार को समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के संयोजक केशव अग्रवाल, पत्रिका समिति के राजेश अग्रवाल,अंकित गोयल, कार्यकारणी सदस्य सहित अग्रवाल समाज के वरिष्ठ समाजजन द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव 9 दिवसीय कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन किया गया ।

मीडिया प्रभारी श्याम मंगल लेब? एवं वैभव अग्रवाल ने बताया कि 15 सितम्बर को दादी परिवार

द्वारा भव्य संगीत में राणी सती दादी का मंगलपाठ का आयोजन होगा जिसमें मंगलपाठ का वाचन सुप्रसिद्ध दादी भक्ति कुंदन जी मिश्रा मुंबई की मधुर वाणी से होगा,

16 सितम्बर को अग्रसेन सोश्यल ग्रुप द्वारा अग्रसेन मेला, अग्रवाल महिला मंडल द्वारा तंबोला,लक्की ड्रा, अग्रवाल फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा चेयर रेस,समिति द्वारा रस्सीकूद प्रतियोगिता,17 सितम्बर को मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा द्वारा घुटना रेस प्रतियोगिता,मेढक रेस प्रतियोगिता, चेयर रेस प्रतियोगिता, मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी इंदौर भजनों के प्रस्तुति देंगे।

18 सितम्बर को अग्रवाल महिला मंडल,अग्रवाल सखी समिति, अग्रोहा क्रिएटिव ग्रुप द्वारा लेडीज फन फेयर, कपल कॉम्पिटिशन, आरती की थाली सजाना प्रतियोगिता, अग्रोहा थिंकर्स ग्रुप द्वारा अग्रवाल प्रीमियर लीग का आयोजन होगा।

19 सितम्बर को अग्रवाल बालिका मंडल द्वारा डांस प्रतियोगिता, बिगेस्ट फैन ऑफ तारक मेहता का उल्टा चश्मा प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

20 सितम्बर को अग्रवाल बालिका मंडल द्वारा गमला पेंटिंग प्रतियोगिता, आइक्यू टेस्ट प्रतियोगिता, अग्रवाल क्रिएटिव थिंकर्स ग्रुप द्वारा वृंदावन रास जिसमे आर.वी बेंड के पंडित गोविंद शर्मा वृंदावन धाम द्वारा एक से प्रस्तुति देंगे।

21 सितंबर को अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति द्वारा दौड़ प्रतियोगिता, धीमी साइकिल रेस प्रतियोगिता, तेज साइकिल रेस प्रतियोगिता, तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, अंतर्राष्ट्रीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

22 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जयंती के दिन अग्रसेन चौक पर सुबह महाराजा अग्रसेन जी का महापूजन किया जाएगा इसके बाद अग्रवाल महासभा परिवार द्वारा निशुल्क भोजन प्रसादी एवं कन्या पूजन दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए किया जाएगा,जिसके बाद रक्तदान किया जाएगा

अग्रसेन जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा,महाराजा अग्रसेन जयंती के दिन शाम को महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा अग्रसेन चौक से निकाली जाएगी जिसमें पूरा अग्रवाल समाज सम्मिलित होगा इसके बाद पारितोषिक वितरण एवं सभा का आयोजन होगा।